## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमित जोगी फिर से करेंगे वकालत, कहा-गरीब, शोषित और वंचित लोगों के लिए लड़ूंगा

**रायपुर (आरएनएस)।** पूर्व सीएम स्व .अजित जोगी के बेटे अमित जोगी वकालत करेंगे। पोस्ट में उन्होंने बताया, आज में अपने पारिवारिक मित्र अजय जयसवाल के मकान, ?-38 रामा वल्र्ड, तिफरा, में अपनी पहली रात गुजार रहा हूँ। अभी पूरा सामान, अस्त-व्यस्त है किंतु नवरात्रि के पहले इस मकान को घर बनाने का पूरा प्रयास करूँगा ताकि अष्टमी तक आप सब शुभचिंतकों की उपस्थिति में विधिवत गृह-प्रवेश हो सके। अमित जोगी एडवोकेट उच्च न्यायालय बिलासपुर के समीप होने के कारण इसी घर से, 12 साल के लंबे अंतराल के बाद, अपनी माँ के इच्छानुसार फिर से वकालत की प्रैक्टिस भी जल्द शुरू करूँगा। फक़्र् केवल इतना रहेगा कि पूर्व में मैं बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों और व्यवसायियों का केस लड़ता था, लेकिन अब मैं गरीब, शोषित और वंचित लोगों को उनके वैधानिक अधिकार दिलाने की क़ानूनी लड़ाई लड़ूँगा। ईश्वर की कृपा से आज तक मैं कोई केस नहीं हारा हूँ- और भविष्य में भी आप सबके आशीर्वाद से इस रिकॉर्ड को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कायम रखने का पूरा प्रयास करूँगा। आज तक बिलासपुर वासियों ने जो मेरे परिवार को अपार स्नेह दिया है, वो भविष्य में भी हमें मिलता रहे, यही मेरी आप सभी से विनम्र प्रार्थना है।

### सर्चिंग पर निकले सीआरपीएफ जवान आए आईईडी की चपेट में, उपचार जारी

**बीजापुर (आरएनएस)।** थाना तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में 5 सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। घटना चिन्नागेलूर कैम्प से डिमाइनिंग ड्यूटी पर निकले जवानों के साथ हुई, जब वे आईईडी डिफ्यूज करने का प्रयास कर रहे थे। जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय लाया गया है, जहां उनका उचित इलाज जारी है। इस कायराना करतूत की पुष्टि बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने की है। घटना की जानकारी के अनुसार, आज सुबह जवान एरिया डोमिनेशन के लिए निकले थे। कैम्प से लगभग 350 मीटर की दूरी पर आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें 5 जवान घायल हो गए। अन्य जवानों ने तुरंत घायल साथियों को नजदीकी कैम्प पहुंचाया।

### वंदे भारत ट्रेन में फिर हुआ पथराव

**रायपुर (आरएनएस)।** करीब 19 दिनों बाद विशाखापत्तनम से दुर्ग आ रही वंदे भारत ट्रेन पर कल रात फिर पथराव किया गया। यह पथराव ट्रेन के कोच नंबर 34-35 की खिडक़ी पर हुआ। उस वक्त रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे और ट्रेन खरियार रोड स्टेशन पहुंच रही थी। अज्ञात गुंडा तत्वों ने ताबड़तोड़ पथराव किया। इलाके में अंधेरा होने,और रनिंग पोजीशन में होने से इन्हें देखा नहीं जा सका। गुंडा तत्वों ने स्टेशन यार्ड के बाहर का इलाका चुना,ताकि पहचाना नव जा सके। इसमें इकॉनामिक कोच ई-2 की सीट नंबर 34-35 की खिडक़ी टूट गई। ईकॉनामिक कोच की सीटे घुमावदार (रिवाल्विंग) होती है। बता दें कि ईस्ट कोस्ट रेल मंडल के इस सेक्शन में यह दूसरी बार पथराव किया गया। इससे पहले ट्रेन के ट्रायल रन के दौरान 13 सितंबर को पथराव किया गया था। इस मामले में महासमुंद के व तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया था। जो जमानत पर रिहा हो गए थे।

# विशेष अभियान 4.0 में एसईसीएल ने रखा है 2200 मेट्रिक टन स्क्रैप हटाने का लक्ष्य

- 30 लाख वर्ग फुट जगह होगी खाली
- डिजिटल गवर्नेंस के जरिये लंबित फाइलों एवं ई-फाइलों तथा शिकायताओं के निपटारे पर ज़ोर
- अभियान के पहले चरण स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत सफाई अभियान, बच्चों को जागरूक करने स्वच्छता की पाठशाला आदि का किया जा रहा है आयोजन

**बिलासपुर । आरएनएस**



भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग एवं कोयला मंत्रालय के दिशा-निर्देशन में सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने एवं लंबित प्रकरणों एवं शिकायतों को कम करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल द्वारा इस वर्ष 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 4.0 चलाया जाएगा है।

अभियान के तहत एसईसीएल ने इस बार 2200 मेट्रिक टन स्क्रैप हटाने की योजना बनाई है। इससे लगभग 30 लाख वर्ग फुट जगह स्क्रैप-मुक्त होकर खाली होगी जिसका बेहतर पुनरूपयोग किया जा सकेगा। साथ ही इससे लगभग 10 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व भी मिलेगा।

इसके साथ ही कंपनी ने अभियान के तहत काफी समय से लंबित फाइलों/ई-फाइलों तथा शिकायतों के त्वरित निपटारे का भी लक्ष्य रखा है।

इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत एसईसीएल विशेष अभियान 4.0 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ करेगा:

सार्वजनिक शिकायतों का समाधान: कंपनी द्वारा शासन को सुव्यवस्थित करने के अभियान के लक्ष्य के अनुरूप लंबित संदर्भों और सार्वजनिक शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए उनकी पहचान कर निपटाया जाएगा।

स्थान और रिकॉर्ड प्रबंधन: पुरानी फाइलों की समीक्षा करने और उन्हें बंद करने या हटाने, स्क्रैप निपटान और सरलीकरण के लिए नियमों और प्रक्रियाओं की पहचान करने पर भी ध्यान दिया जाएगा, जिससे परिचालन दक्षता और पारदर्शिता बढ़ेगी। डिजिटल गवर्नेंस: एसईसीएल द्वारा ई-ऑफिस के उपयोग के माध्यम से आंतरिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कागजी कार्रवाई पर निर्भरता कम करने और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम करेगा। अभियान के पहले चरण में एसईसीएल द्वारा 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों विशेषकर नदियों को साफ करने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह आयोजित कर उपहार देकर सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही बच्चों में अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छता की पाठशाला एवं नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया जा रहा है।

विदित हो कि एसईसीएल भारत की दूसरी बड़ी कोयला कंपनियों में है और मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ राज्य में कंपनी द्वारा 60 से अधिक कोयला खदानों का संचालन किया जाता है। एसईसीएल द्वारा कोरबा जिले में दुनिया की दो सबसे बड़ी कोयला खदानों गेवरा एवं कुसमुंडा का भी संचालन किया जाता है।

## त्योहारों को देखते हुए रेलवे 6 स्पेशल ट्रेनों का करेगा संचालन



**रायपुर । आरएनएस**

दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। (1) 08893 गोंदिया - सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए गोंदिया से 04 एवं 09 अक्टूबर 2024) (2) 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए सांतरागाछी से 05 एवं 10 अक्टूबर 2024) (3) 08895 गोंदिया – छपरा छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए – गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024) (4) 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए – छपरा से 04 एवं 5 नवंबर 2024) (5) 08897 गोंदिया - पटना छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024) (6) 08898 पटना - गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, (02 फेरे के लिए पटना से 04 एवं 05 नवंबर 2024) शामिल हैं।

## भारतीय सेना के जवान पहुंचे रायपुर, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया स्वागत

- छत्तीसगढ़ पहुंचने पर जवानों में भारी उत्साह, दिखाएंगे अपनी सैन्य ताकत
- ऐसा स्वागत होने से अभिभूत महसूस कर रहे: भारतीय सेना

**रायपुर । आरएनएस**



साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के जवानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। रायपुर रेलवे स्टेशन में 80 जवानों की एक टोली आज पहुंच गई है। जिनका कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने गुलाब देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जवानों में भी खूब उत्साह देखने को मिला। जबलपुर एसटीसी के 80 जवानों की टोली आज रायपुर पहुंच गई है। हवलदार देवेंद्र कुमार एव नायक योगेश बिष्टा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर हमारे लिए बड़ा गर्व का विषय है। ऐसा स्वागत होने से हम अभिभूत महसूस कर रहे है। इसके लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद करते है। इस स्वागत के अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 5 एवं 6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में अपनी सेना के शौर्य का प्रदर्शन मेले का आयोजन होने जा रहा है। इसमें मेले में सेना के विभिन्न विंग का समावेश देखने को मिलेगा। इस मेले में शामिल होने के लिए भारतीय सेना के जवानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

## पुसौर पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को बसना महासमुंद में दबिश देकर किया गिरफ्तार, भेजा न्यायिक रिमांड पर

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन पर पुसौर पुलिस ने नाबालिक बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने वाले फरार आरोपित को बसना महासमुंद में दबिश देकर पकड़ी जिसे दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 05/07/2024 को बालिका के पिता द्वारा बालिका के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, जिस संबंध में थाना पुसौर में अपराध क्रमांक 161/2014 धारा 137(2) BNS पंजीबद्ध कर पुलिस ने बालिका के परिजनों, सहेलियों से पूछताछ कर जानकारी ली गई जिसमें बालिका के शशि यादव निवासी बसना (महासमुंद) के साथ संपर्क में आने की जानकारी मिली। पुलिस ने संदेही शशि यादव का पता लगाया जो फरार होकर लुक छिप रहा था। इसी बीच संदेही शशि यादव और बालिका के सराईपाली, महासमुंद में देखे जाने की सूचना पर पुसौर पुलिस द्वारा 05 अगस्त को दबिश दिया गया, जहां बालिका मिली शशि यादव पुलिस के आने की भनक पर फरार हो गया था। बालिका की दस्तयाबी कर बालिका का कथन लिया गया जिसमें बालिका ने इंस्टाग्राम पर शशि यादव से जान परिचय होना बताई और 5 जुलाई 2024 को शशि यादव पुसौर आकर भाग ले जाने और शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई। प्रकरण में बालिका के कथन, मेडिकल रिपोर्ट अनुरूप धारा 87,64(2)(m)BNS, 6 पोक्सो एक्ट जोड़ा गया और फरार आरोपित की मुखबिर लगाकर पतासाजी की जा रही थी।

इसी क्रम में कल मुखबीर से थाना प्रभारी पुसौर रोहित बंजारे को सूचना मिली कि संदेही ग्राम कांदाबहाल, रसपालपुर बसना में देखा गया है, सूचना पर तत्काल पुसौर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई और आरोपी शशि यादव पिता छवरा यादव उम्र 20.8 वर्ष, निवासी ग्राम भंवरचूवा थाना बसना जिला महासमुंद हाल मुकाम ग्राम रसपालपुर थाना बसना जिला महासमुंद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

प्रकरण में बालिका, आरोपी की पतासाजी और आरोपित की गिरफ्तारी की कार्यवाही में निरीक्षक रोहित बंजारे थाना प्रभारी पुसौर, सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर विश्वाल, प्रधान आरक्षक योगेश उपाध्याय, महिला प्रधान आरक्षक जेनिपा पन्ना, आरक्षक कीर्तन यादव की अहम भूमिका रही है।

## दुष्कर्म की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाई, मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक रिमांड पर

**रायगढ़**



कोतवाली पुलिस ने नाबालिक बालिका के अपहरण और दुष्कर्म मामले में अपराध पंजीबद्ध के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बालिका के पिता ने कल 28 सितंबर को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लडकी को ग्राम चुनचुना के करण पाव ने बहला-फुसलाकर अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर भाग ले गया और करण ने लडकी के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 580/2024 धारा 137(2),64(2)(ड), 87, 3(5) बीएनएस 6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

बालिका के पिता ने बताया कि उसकी पत्नी और लड़की कोतरारोड़ क्षेत्र में नाली निर्माण के कार्य में मजदूरी का काम करते हैं। जहां ठेकेदार के अधीन ग्राम चुनचुना का करण पाव ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। 22 सितंबर के दोपहर लड़की बुआ के घर जा रही हूं कह कर निकली और कहीं चली गई थी जिसे काफी पता तलाश किये, पता नहीं चला। 28 सितंबर को ग्राम चुनचुना का कोटवार फोन कर बताया कि लड़की मिल गई है। तब ग्राम चुनचुना गए जहां लड़की ने बताया कि करण पाव शादी का झांसा देकर उसके दोस्त के साथ मोटरसाइकिल में बिठाकर रायगढ़ लाया, जहां से करण चंद्रपुर घूमाने ले गया। दूसरे दिन तिलगा जंगल में करण ने शारीरिक संबंध बनाया और अपने घर ले गया था।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी करण पाव को हिरासत में लिया और बालिका का कथन, मेडिकल आदि की कार्यवाही कर बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिवार के पास पहुंचाया तथा आरोपी करण पाव पिता आसाराम पाव उम्र 19 साल, निवासी ग्राम चुनचुना चक्रधरपुर थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ के कृत्य पर गिरफ्तार किया गया है और रिमांड पर भेजा गया है।

इस मामले में प्रकरण में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, एएसआई जयलाल जायसवाल, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, दिलीप भानु की अहम भूमिका रही है।

## ऑपरेशन मुस्कान : कोतवाली पुलिस ने की नाबालिक बालिका की दस्तयाबी, आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**



कोतवाली पुलिस ने “ऑपरेशन मुस्कान” के तहत थानाक्षेत्र से गुम हुई एक और नाबालिक बालिका की दस्तयाबी में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने वाले युवक को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के पिता ने 23 अगस्त को थाना कोतवाली में बालिका के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बालिका 22 अगस्त के सुबह घर से मोहल्ले के दुकान चिप्स लेने के लिए निकली थी और फिर घर ना कर कहीं चली गई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपराध क्रमांक 502/2024 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरमियान बालिका के शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा में होने की सूचना पर बालिका को दस्तयाब किया गया। बालिका ने बताया कि चार महीना पहले हेमचरण जांगड़े से मोबाइल पर बातचीत होता था, दोनों इंस्टाग्राम में चैटिंग करते थे। 21 अगस्त को हेमचरण जांगड़े अपने साथ चंद्रपुर घूमाने ले गया था। इस बात से घर वाले नाराज हुए और डांटे। तब हेमचरण को बताई, हेमचरण उसे शादी का प्रलोभन देकर 22 अगस्त को ट्रेन में बिठाकर जम्मू ले गया। जहां किराया मकान रखकर हेमचरण शारीरिक संबंध स्थापित किया। बालिका के कथन, मेडिकल रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 64(2)(ड),87 बीएनएस, 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित किया गया।

पुलिस ने आरोपी हेमचरण जांगड़े उर्फ सोनू पिता ज्योति लाल जांगड़े उम्र 20 साल निवासी ग्राम हिर्री पोस्ट गोडम थाना कोतवाली जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। बालिका की पतासाजी, आरोपी गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## महिला डॉक्टर से 61 लाख से अधिक की ठगी

- आरोपी सीबीआई अफसर बनकर दी वारदात को अंजाम

**बिलासपुर । आरएनएस**



महिला डॉक्टर से 62 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पार्सल में ड्रग्स मिलने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया है। दुबई से आए पार्सल में ड्रग्स का झांसा दिया, फिर खुद को सीबीआई अफसर बताया और ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराए। मामले की शिकायत पर रेंज साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, लिंक रोड मित्र विहार कालोनी निवासी बिषाखा डे सक्ति जिले के हसौद में निजी हॉस्पिटल में डॉक्टर हैं। बीते 12 सितंबर को उनके मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को मुंबई पार्सल आफिस का कर्मचारी बताते हुए कहा कि एक पार्सल मुंबई से दुबई के लिए बुक किया गया था, वह पार्सल कैंसल हो गया व उसमें पुलिस की वर्दी, एटीएम कार्ड, कीटामिन नामक ड्रग्स मिला है। इसे मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट ने जब्त कर लिया है। उसने यह भी बताया कि उक्त पार्सल पर डॉ. डे का आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर व पता है। इस पर डॉ. डे ने पार्सल के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही। इस पर उन्हें कहा गया मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है।

इसके बाद सीबीआई अफसर बनकर उन्हें फोन किया गया और सामान व बैंक एकाउंट की जांच करने की बात कही गई। एकाउंट में जमा रकम उनके बताए गए बैंक खाते में भेजने व जांच के दो घंटे बाद उक्त रकम वापस कर देने की बात कही गई। डर से डॉ. डे ने एकाउंट में जमा 61 लाख 93 हजार 720 रुपए रुपए बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया, लेकिन जब दो घंटे बाद भी पैसा वापस नहीं होने पर मोबाइल में कॉल किया तो मोबाइल बंद बताया। फिर उन्हें ऑनलाइन ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 एवं 66 डी, आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है।

## कोतवाली पुलिस ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में किया चलित थाना का आयोजन: नागरिकों को किया गया जागरूक

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर रायगढ़ सिटी कोतवाली द्वारा आज केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में चलित थाना का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को कानून व्यवस्था, सुरक्षा, और ऑनलाइन अपराधों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर नगर कोतवाल सुखनंदन पटेल ने पुलिस की जनसुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आम जनता की समस्याओं को सुना।

उन्होंने सोशल पुलिसिंग पर दी जानकारी: नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और पुलिस के साथ मिलकर अपराध नियंत्रण में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। *ऑनलाइन ठगी से सुरक्षा* नागरिकों को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों से बचने के उपाय बताए गए। निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने बताया कि कैसे सतर्क रहकर ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। अपराध नियंत्रण के संबंध में अपराधों की रोकथाम और बदमाशों के खिलाफ उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, नागरिकों से अपील की गई कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान उन्होने वार्ड पार्षद और वार्ड के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में रहवासियों की की समस्याओं को मौके पर ही सुना गया और त्वरित समाधान किया गया। नगर कोतवाल ने पुलिस द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली सेवाओं का विवरण दिया, जिनमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों का पालन, और अन्य सुरक्षा उपाय शामिल थे।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद लता लक्ष्मी साहू और उनकी टीम ने पूरी सक्रियता से सहयोग किया, जिससे आयोजन सफल रहा। उपस्थित लोगों ने पुलिस और पार्षद के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम में नगर कोतवाल सुखनंदन पटेल, एएसआई इंगेश्वर यादव, हेडकांस्टेबल श्रीराम साहू, बसंती कुर्रे, एवं वार्ड पार्षद लता लक्ष्मी साहू के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480